राजस्थान सरकार

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बांसवाड़ा (राज.)

Ph: 02962-251303
E-mail: cmho-ban-rj@nic.in

क्रमांक–मु0चि0/कोविड–19/2021/ 695 दिनांक–21-5-2021

## विज्ञप्ति

श्रीमान् प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप–2) विभाग राज.सरकार के आदेश क्रमांक प.1()चिस्वा/ग्रुप–2/2020 जयपुर दिनांक 18.05.2021 के द्वारा प्रदेश में कोविड–19 से उत्पन्न वर्तमान् परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा संक्रमण की क्षृखंला तोड़ने एवं कोविड–19 से संक्रमित मरीजो को मरीजों को समुचित उपचार, चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध करवाने तथा मृत्युदर को न्युनतम किये जाने हेतु प्रदेश में संचालित घर–घर सर्वे एवं दवाई वितरण के कार्य को गति प्रदान करने हेतु प्रदत्त निर्देशों की पालना में बॉसवाडा जिले में इस विभाग के अन्तर्गत निम्नाकिंत पदों को दिनांक 31 जुलाई 2021 तक नियोजित किये जाने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 24.05.2021 को प्रातः 09.30 से दिनांक 28.05.2021 को सांय 06 बजे तक आवेदन आंमत्रित किये जाते है।

| क्र.स. | पदनाम | कुल पद/मानदेय | योग्यता | दायित्व |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोविड हेड कंसलटेंट | पद–25<br>मानदेय– 39300 | एमबीबीएस पास व आरएमसी रजिस्ट्रेशन | कोविड–19 के बारे में जनता को संक्रमण के बारे में घर–घर सर्वे कर आमजन को जागरूक करने एवं चिन्हित मरीजों को चिकित्सकीय सेवा प्रदान करना |
| 2 | कोविड हैल्थ सहायक | पद– 805<br>मानदेय– 7900 | जीएनएम/बी.एससी नर्सिंग व आरएनसी रजिस्ट्रेशन | कोविड–19 के बारे में जनता को संक्रमण के बारे में घर–घर सर्वे कर आमजन को जागरूक करने एवं चिन्हित मरीजों को चिकित्सकीय सेवा प्रदान करना |

अतः उपरोक्त पदों की निर्धारित योग्यता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर प्रार्थना–पत्र में आपना मोबाईल नम्बर/स्थाई पता (ग्राम पंचायत सहित) अंकित कर अपना आवेदन जिसमें उपरोक्त पदों का नाम स्पष्ट रूप से लिखा हो मय समस्त शैक्षणिक योग्यता की समस्त अंकतालिकाओं (दसवीं, बारहवी, जीएनएम बीएससी नर्सिंग, एमबीबीएस की समस्त अंकतालिका) आरएमसी/आरएनसी पंजीकरण, मुलनिवास/विशेष मुलनिवास प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित इस कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करा सकते है निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। अपूर्ण दस्तावेजों के अभावों में आवेदन निरस्त होने की समस्त जिम्मेदारी अभ्यार्थी की होगी।